नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 02.10.2020**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 151 वीं जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका किया गया स्मरण।**
- **नगर निगम,शाहजहाँपुर के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 151 वीं जयन्ती एवं स्वच्छ भारत मिशन के 6 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में स्वच्छता गोष्ठी आयोजित ।**
- **मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा, आज दिनांक 02.10.2020 को शाहजहाँपुर सुप्रसिद्ध कवियों की आदमकद प्रतिमाओ का अनावरण एवं सेल्फ सस्टेनेबेल वाटर प्यूरीफिकेशन वाटर स्टेशन परियोजना का किया गया लोकार्पण।**
- **मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा, आज दिनांक 02.10.2020 को श्यामतगंज गौटिया शमशानघाट पर किया गया वृक्षारोपण।**

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 151 वीं जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय, श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता महाप्रबन्धक (जल)वी0एन0 द्विवेदी,मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम आदि उपस्थित रहे।

2. नगर निगम,शाहजहाँपुर के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की 151 वीं जयन्ती एवं स्वच्छ भारत मिशन के 6 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में स्वच्छता गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी के बताये रास्ते पर चलने हेतु मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने प्रेरित किया। मा0 मंत्री जी द्वारा नगर वासियो से स्वच्छता के विषय में चर्चा की और स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में नगर निगम को प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार में लोगो की सहभागिता हेतु आभार व्यक्त करते हुये आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में नई ऊर्जा के साथ लोगो को सहभागिता करने हेतु प्रोत्साहित किया। गोष्ठी के दौरान मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने कीर्ति शेष श्री अग्निबेष शुक्ला, यशस्वी कवि श्री राज बहादुर विकल एवं अग्निधर्मा कवि श्री दामोदर स्वरूप (विद्रोही) जी को याद किया गया।

3. मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा, आज दिनांक 02.10.2020 को शाहजहाँपुर सुप्रसिद्ध कवियों की आदमकद प्रतिमाओ का अनावरण किया गया । इस चौराहे पर कीर्ति शेष श्री अग्निबेष शुक्ला, यशस्वी कवि श्री राज बहादुर विकल एवं अग्निधर्मा कवि श्री दामोदर स्वरूप (विद्रोही) जी की प्रतिमाये टाउनहाल चौराहे पर स्थापित की गई जिनका लोकार्पण आज दिनांक 02.10.2020 मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त सेल्फ सस्टेनेबेल वाटर प्यूरीफिकेशन वाटर स्टेशन परियोजना का भी लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मा0 मंत्री के साथ सांसद महोदय श्री अरूण कुमार सागर, जिलाध्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, एवं भाजपा नगर अध्यक्ष, जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक, एस0 आनन्द, अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी, नगर आयुक्त महोदय, श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता महाप्रबन्धक (जल)वी0एन0 द्विवेदी,मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम आदि उपस्थित रहे।

4. मा0 वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा, आज दिनांक 02.10.2020 को श्यामतगंज गौटिया शमशानघाट पर वृक्षारोपण किया गया । मा0 मंत्री जी द्वारा वृक्षारोपण के आस–पास साफ–सफाई एवं पेड़ पौधो के रख रखाव हेतु संम्बधित को दिशा निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक, एस0 आनन्द, अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी, नगर आयुक्त महोदय, श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता महाप्रबन्धक (जल)वी0एन0 द्विवेदी,मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम आदि उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner